सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका

# अपनी बात

अंक : 598 वर्ष 44 राँची, नवम्बर, 2023










# कोल इण्डिया/सीसीएल का 49वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

## 1163 कर्मियों को सामूहिक पदोन्नति एवं सीसीएल को सुरक्षा एवं पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम पुरस्कार




कोल इण्डिया/सीसीएल का 49वाँ स्थापना दिवस के अवसर पर उपस्थित निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य

विगत 01 नवम्बर को कोल इंडिया लिमिटेड/सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड का 49वाँ स्थापना दिवस मुख्यालय सहित सीसीएल के सभी क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कोल इंडिया में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीसीएल को सुरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु कॉरपोरेट अवार्ड का प्रथम पुरस्कार तथा पर्यावरण प्रबंधन में प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह अवार्ड सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने प्राप्त किया। साथ ही साथ 'बेस्ट एरिया महाप्रबंधक अवार्ड श्री एस.के. पाण्डेय, महाप्रबंधक, अरगडा क्षेत्र, बेस्ट एचओडी अवार्ड, श्री लाडी बालकृष्णा, महाप्रबंधक (एसडी एवं सीएसआर) जबकि व्यक्तिगत रूप से एक्सलेंस अवार्ड, श्री एम कोटेश्वर राव, महाप्रबंधक (खनन) एवं श्री निलय प्रकाश, महाप्रबंधक (विक्रय व विपणन) को दिया गया।

सीसीएल मुख्यालय, राँची में आयोजित कार्यक्रम में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साई राम, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं सी.सी.एल. कर्मियों द्वारा दरभंगा हाउस प्रागंण में स्थित "शहीद स्मारक" पर सीसीएल के कर्मवीर दिवंगत सपूतों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने कोल इंडिया का झंडा फहराया तथा अन्य निदेशकगण सहित विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष ने सीसीएल एवं विभिन्न क्षेत्रों के झडों को फहराया। अवसर विशेष पर सामूहिक रूप से सीसीएल में कार्यरत 1163 कर्मचारियों को पदोन्नति दी गयी।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में सभी को स्थापना दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ देते हुये कहा कि देश जो हमसे अपेक्षा रखा है उसे पूरा करना हम सभी का दायित्व है। श्री प्रसाद ने कहा कि सीसीएल परिवार एक टीम की तरह कार्य करते हुये 84 मिलियन टन के लक्ष्य की प्राप्ति की ओर अग्रसर है।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री बी. साई राम, निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सभी को दिवस विशेष की शुभकामनाएँ प्रेषित करते हुये कहा कि हमारी कंपनी सीसीएल देश की




कोल इण्डिया, कोलकाता में आयोजित स्थापना दिवस समारोह में सीआईएल अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद से अवार्ड प्राप्त करते सीसीएल सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी साथ में अन्य गणमान्य

ऊर्जा आवश्यकता को पूरा करने के साथ–साथ अपने सीएसआर योजना के अंतर्गत अनेक लोक कल्याणकारी कार्य भी करती है। सभी ने पदोन्नत कर्मचारियों को बधाई देते हुये कहा कि यह आपके कर्तव्यनिष्ठा एवं परिश्रम का परिणाम है।

# सतर्कता सप्ताह 2023 के अन्तर्गत सीसीएल में मनाया गया 'सतर्कता महोत्सव : कल्चरल फेस्टीवल'



सतर्कता महोत्सव के उद्घाटन समारोह में सम्बोधित करते निदे. (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद तथा समारोह में उपस्थित निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (वि.) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य

सीसीएल मुख्यालय, राँची में सतर्कता जागरूकता सप्ताह–23 के अंतर्गत तीन–दिवसीय 'सतर्कता महोत्सव : कल्चरल फेस्टीवल' मनाया गया। केन्द्रीय सतर्कता आयोग के दिशा–निर्देश पर 30 अक्टूबर से 05 नवम्बर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इसी कड़ी



सतर्कता महोत्सव के उद्घाटन समारोह में गुब्बारे उड़ाते निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य एवं कर्मीगण

में सीसीएल मुख्यालय में यह महोत्सव मनाया गया, जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त समाज हेतु लोगों को जागरूक करना था। दिनांक 01 नवम्बर को कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे। विभिन्न स्कूल के छात्रों ने अपने–अपने 'स्कूल बैंड' के साथ गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी। इसके बाद सभी गणमान्यों द्वारा सतर्कता महोत्सव के पोस्टर का अनावरण कर सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत की गयी। तदोपरांत निदेशकगण एवं सीवीओ ने गुब्बारे उड़ाकर सतर्कता का संदेश दिया।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद ने अपने संबोधन में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्यों को लेकर सजग, सतर्क एवं जागरूक रहना चाहिए। अपने कार्यनिष्पादन के दौरान हर कर्मी को सतर्कता अधिकारी के रूप में अपनी भूमिका निभाते हुये अपनी कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए तभी हम एक भ्रष्टाचार मुक्त समाज के सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए सतर्कता विभाग सहित अन्य की भूरि–भूरि प्रशंसा की।

अवसर विशेष पर प्रसिद्ध ओडिसी नृत्यांगना सुमेधा सेनगुप्ता ने मनमोहक प्रस्तुति देकर लोगों का दिल जीत लिया। इतना ही नहीं चित्रकार, श्री परम साह द्वारा लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की लाईव पेंटिंग को दर्शकों ने खुब सराहा। कार्यक्रम के प्रथम दिन स्ट्रीट पेंटिंग, लाईव पेंटिंग, ग्रुप बैंड, एकल देश भक्ति गीत, एकल नृत्य, ग्रुप डांस एवं रंगोली जैसे मनमोहक कार्यक्रम आयोजित किये गये। राँची के विभिन्न शिक्षण संस्थान एवं स्कूल के बच्चों ने बड़ी संख्या में इस कार्यक्रम में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।

तीन–दिवसीय 'सतर्कता महोत्सव : कल्चरल फेस्टीवल' के दूसरे दिन सतर्कता के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक, पॉट पेंटिंग, मिट्टी पर कलाकृति सहित गीत–संगीत एवं नृत्य का रंगारंग कार्यक्रम हुआ। सभी कार्यक्रम सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी के मार्गदर्शन में एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार के निर्देशन में किया गया।

सीवीओ श्री पंकज कुमार ने निर्णायक मंडल को सम्मानित करते हुये कहा कि इस महोत्सव में भाग ले रहे सभी कलाकार एवं छात्र प्रतिभा संपन्न हैं एवं अपने कला का अनुपम प्रदर्शन किया है।

अवसर विशेष पर महिला सशक्तिकरण पर केन्द्रीत नारी वंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सीसीएल के माईनिंग क्षेत्र में कार्यरत तीन महिला माइंनिंग इंजीनियर सुश्री आकांक्षा, सुश्री अंजली एवं सुश्री निधी को सम्मानित किया गया।

राँची के विभिन्न स्कूल के छात्रों ने 'भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें' थीम पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। साथ ही प्रतिभागियों ने पॉट पेंटिंग–मिट्टी पर कलाकृति में अपनी रचनात्मकता का अनोखा प्रदर्शन किया। अवसर विशेष पर उर्वशी एंड ग्रुप द्वारा गरबा प्रस्तुत की गयी।



कार्यक्रम के अंतर्गत प्रतिभागियों द्वारा किए गए पेंटींग का निरीक्षण करते मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार

कार्यक्रम के अंत में सुप्रसिद्ध गायक श्री राहुल देव पाठक एवं उनकी टीम आरोहन बैंड की प्रस्तुती कर वहॉ उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया। इस कार्यक्रम में एक स्टॉल भी लगाया गया था जिसमें स्वेच्छा से कर्मी एवं अन्य लोगों ने उपयोग किये जाने वाले पुराने कपड़े दान दिए जिन्हें जरूरतमंदों के बीच वितरित किया जाएगा।

दिनांक 03 नवम्बर को समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सतर्कता विभाग को बधाई देते हुये कहा कि इतने संख्या में विभिन्न शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों का भाग लेना कार्यक्रम के सफलता को रेखांकित करता है।

सीवीओ श्री पंकज कुमार ने सीसीएल में आयोजित सतर्कता संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुये कहा कि भ्रष्टाचार देश की सबसे बड़ी समस्या है और सतर्कता के प्रति जागरूकता का संदेश हम सभी को मिलकर जन–जन तक पहुँचाना है क्योंकि बिना जनभागीदारी के कोई भी कार्यक्रम सफल नहीं होता है।

महोत्सव के तहत सम्मानित मीडिया बंधुओं के सम्मान में एक 'मीडिया ऑफबीट' कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कई मीडिया बंधुओं ने गीत की प्रस्तुती दी। समापन समारोह में बच्चों के बीच फेस पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

तीन दीवसीय महोत्सव समारोह में सभी श्रेणियों के विजयी प्रतिभागियों को सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा ने पुरस्कृत किया। समारोह में सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार उपस्थित थे। समारोह में राँची विश्वविद्यालय के छात्रों ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया।



स्टॉल का निरीक्षण करते सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य



पेंटिंग प्रतियोगिता का निरीक्षण करते सीवीओ श्री पंकज कुमार एवं अन्य

# "सतर्कता महोत्सव : कल्चरल फेस्टीवल" की झलकियाँ



# सतर्कता जागरूकता अभियान 2023 का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

## समापन समारोह के अंर्तगत कवि सम्मेलन आयोजित




'सतर्कता जागरूकता अभियान 2023' का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह को सम्बोधित करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी

मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों व इकाइयों में 'सतर्कता जागरूकता अभियान 2023' का समापन–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन दिनांक 14 नवम्बर को किया गया। सीसीएल कर्मियों के साथ–साथ आमजन को "भ्रष्टाचार का विरोध करें, राष्ट्र के प्रति समर्पित रहें" हेतु जागरूक, प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए सीसीएल मुख्यालय स्थित 'कन्वेंशन सेंटर' में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर सीसीएल के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/यो. एवं परि.), श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्षगण, क्षेत्रीय नोडल अधिकारी एवं सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित सभी निदेशकगण एवं सीवीओ ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने अपने संबोधन में सतर्कता जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने वाले टीम को बधाई दिया और कहा कि आप सभी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से कर्मियों सहित आमजन को जागरूक किया है, यह प्रशंसनीय है।

अवसर विशेष पर गणमान्यों द्वारा सिविल एसओपी, ईएमबी पोर्टल तथा रोडसेल गाईडलाईन 2023 का उद्घाटन किया गया। साथ ही साथ सीसीएल के लाल एवं लाडली के छात्रों को पुरस्कृत भी किया गया।

सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभाग एवं कर्मियों द्वारा किये गये उल्लेखनिय कार्य हेतु उन्हें पुरस्कृत किया गया। विभाग में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन प्रशासन विभाग और श्री आलोक कुमार विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क) को सर्वश्रेष्ठ अधिकारी के रूप में सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रसिद्ध नृत्यांगना सुमेधा सेनगुप्ता ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुती की जिसे लोगों ने खूब सराहा।

### 'कवि सम्मेलन' का आयोजन

समापन समारोह के अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के कंवेशन सेंटर में 'कवि सम्मेलन' का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर सुप्रसिद्ध कवियों ने अपनी कविताओं से उपस्थित श्रोताओं का मन मोह लिया। कवि सम्मेलन का उदघाटन सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर निदेशक (वित्त), श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तकनीकी/यो. एवं परि.), श्री बी. साईराम, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। सर्वप्रथम आमंत्रित कवियों को स्मृति–चिन्ह, शॉल व श्रीफल देकर स्वागत एवं सम्मानित किया गया।

कवि सम्मेलन में देश के सर्वश्रेष्ठ हास्य–व्यंग्य के कवि श्री अरुण जेमिनी, विश्व प्रसिद्ध हास्य –व्यंग्य के कवि डॉ. अनिल चौबे, लाफ्टर किंग द्वय श्री हेमंत पाण्डेय और श्री विकास बौखल, श्रृंगार–रस की मलिका के नाम से विख्यात अना देहलवी और रांची शहर के जाने–माने कवि, गीतकार श्री कुमार बृजेन्द्र ने अपनी काव्य–रचनाओं से उपस्थित श्रोताओं



दीप प्रज्ज्वलित कर कवि सम्मेलन का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कवि–सम्मेलन में दिल्ली से पधारे श्री अरुण जेमिनी ने अपनी व्यंग्य रचनाओं से श्रोताओ को लोट–पोट कर दिया, कानपुर से पधारे कवि डॉ. अनिल चौबे ने अपनी हास्य व्यंग्य से श्रोताओं की तालियाँ बटोरी, अलीगढ़ उत्तर प्रदेश की कवयित्री श्रीमती अना देहलवी ने अपनी चुटीली श्रृंगार रस की रचनाओं से श्रोताओ को गुदगुदाया, वहीं कानपुर के कवि श्री हेमंत पाण्डेय तथा बाराबंकी से आए श्री विकास बौखल ने अपनी कविताओं से सभी श्रोताओं ठहाका लगाकर हँसने पर मजबूर कर दिया।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय एवं क्षेत्रों के कर्मी सहित नगर के हिंदी प्रेमियों इस कवि सम्मेलन का आनन्द उठाया तथा श्रोताओं के ठहाकों तथा तालियों से पूरा सभागार गूँजता रहा।




समापन समारोह में आयोजित कवि सम्मेलन की एक झलकि

# गांधीनगर अस्पताल में "रक्तदान शिविर" का आयोजन

दिनांक 14 नवम्बर को "रक्तदान–जीवन दान' की कहावत को चरितार्थ करते हुये सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अंतर्गत सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर में "रक्तदान शिविर" का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन सी.सी.एल. के सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने परम्परागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलित कर किया और उपस्थित लोगों को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री राम बाबू प्रसाद, सीवीओ श्री पंकज कुमार, सीएमएस डॉ. रत्नेश जैन सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित थे।

शिविर में कुल 24 यूनिट ब्लड जमा हुआ। रक्तदान लेने से पूर्व निर्धारित सभी मापदंडो को ध्यान में रखा गया।



फीता काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा एवं सीवीओ श्री पंकज कुमार

# माननीय प्रधानमंत्री ने किया केडीएच–पुर्णाडीह सीएचपी का शिलान्यास

विगत 15 नवम्बर को माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा सीसीएल के उतरी कर्णपूरा क्षेत्र स्थित केडीएच–पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट का वर्चुअल रूप से शिलान्यास किया गया। माननीय प्रधानमंत्री जनजातीय गौरव दिवस के पुनीत अवसर पर भगवान बिरसा मुण्डा के जन्मभूमि खुंटी में उपस्थित थे। वहाँ उन्होंने 7200 करोड़ की विभिन्न नयी परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इसी के अंतर्गत माननीय प्रधानमंत्री ने सीसीएल के 442 करोड़ रूपये वाले इस डीएच–पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट का भी वर्चुअल रूप से रिमोट संयत्र के द्वारा उद्घाटन किया। इस ऐतिहासिक क्षण पर सीसीएल के सीएमडी, डॉ. बी. वीरा रेड्डी माननीय प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित थे। शिलान्यास स्थल पर सीसीएल के निदेशक तकनीकी (संचालन), श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), श्री बी. साईराम, महाप्रबंधक, एन के क्षेत्र, श्री संजय कुमार, सम्मानित अधिकारीगण, श्रमिक संघ के प्रतिनिधिगण, जन प्रतिनिधिगण, सीआईएसएफ के अधिकारी एवं जवान तथा सीसीएल के अन्य कर्मी मौजूद थे।

ज्ञात हो कि भारत सरकार के 'पीएम गतिशक्ति मास्टर प्लान' के सिद्धांत को सीसीएल में समाहित करते हुए कोयला परिवहन में मेकेनाइज्ड फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी की अवधारणा को मूर्त रूप दिया जा रहा है। फर्स्ट माइल रेल कनेक्टिविटी की दिशा में केडीएच–पुरनाडीह कोल हैंडलिंग प्लांट एक महत्वपूर्ण कड़ी साबित होगा जिसके तहत सीसीएल के केडीएच तथा पुरनाडीह कोयला खदानों से उत्पादित कोयले को निकटतम रेलवे सर्किट तक ले जाने की व्यवस्था की जायेगी, जहाँ से इसे देश भर के ताप विद्युत संयंत्रों तथा अन्य उपभोक्ताओं तक



केडीएच–पुरनाडीह का वर्चुअल शिलान्यास का एक दृश्य

पहुँचाया जाएगा। वर्तमान में, इन खानों से कोयला टिपर द्वारा सड़क मार्ग से केडीएच रेलवे साइडिंग तक लाया जाता है। इस संयत्र में रिसीविंग हॉपर, क्रशर, 15000 टन क्षमता के कोयला भंडारण बंकर और कन्वेयर बेल्ट सम्मिलित हैं, जिनकी सहायता से कोयले को 4000 टन भंडारण क्षमता के साइलो बंकर द्वारा रेलवे वैगनों में स्थानांतरित किया जाएगा। 7.5 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता की इस परियोजना की लागत 442 करोड़ रूपया है। यह एक क्लोज्ड–लूप, पूर्ण यंत्रीकृत प्रणाली है जो सड़क द्वारा परिवहन को समाप्त करके कोयले के प्रेषण में तेजी और दक्षता लाएगी और इस प्रकार से डीजल की खपत न्यूनीकृत करेगी। इस परियोजना के आरंभ होने पर धूल और वाहन जनित उत्सर्जन कम होगा, जिससे क्षेत्र के पर्यावरण में गुणात्मक सुधार होगा। इस परियोजना का निर्माण कार्य लगभग दो वर्षों में संपन्न किया जाना प्रस्तावित है।

# तीन दिवसीय इंटर एरिया बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूर्नामेंट संपन्न

तीन दिवसीय (14–16 नवम्बर, 2023) सीसीएल इंटर एरिया बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूर्नामेंट दिनांक 16 नवम्बर को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रतियोगिता ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव इंडोर स्टेडियम, खेलगांव, राँची में आयोजित किया गया जिसमें मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों के महिला एवं पुरूष वर्ग के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र थे। उन्होंने अपने संबोधन में विजेताओं को बधाई दी और बाकी प्रतिभागियों को अभ्यास जारी रखने और खेलों में उत्कृष्टता हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

महिला वर्ग के बैडमिंटन प्रतियोगिता में सीसीएल मुख्यालय को जबकि पुरूष वर्ग में सीआरएस बरकाकाना को विजयी टीम घोषित किया गया। बैडमिंटन में पुरूष सिंगल्स में संबीत कुमार, सीआरएस बरकाकाना, मेन्स डबल्स में निखिल एवं संबीत कुमार प्रथम स्थान रहे। वेटरन सिंगल्स में मोहन लाल सिंह, वेटरन डबल्स में मोहन लाल सिंह एवं संजय चटर्जी, महिला सिंगल्स में एस. निधि, एनके क्षेत्र जबकि महिला डबल्स में एस निधि एवं मधु देवी को प्रथम घोषित किया गया।

पुरूष वर्ग में टेबल टेनिस प्रतियोगित में हजारीबाग क्षेत्र को विजयी टीम घोषित किया गया। टेबल टेनिस प्रतियोगिता में महिला सिंग्लस में एस. निधि, महिला ओपेन डबल्स में निलू कुमारी एवं एस.



इंटर एरिया बैडमिंटन और टेबल टेनिस टूर्नामेंट के विजयी प्रतिभागियों के साथ सीसीएल के अधिकारीगण

निधि जबकि पुरूष सिंगल्स में आलोक सिंह, पुरूष डबल्स में समरेंन्द्र सिंह एवं आलोक सिंहय वेटरन सिंगल्स में एन.के. राम, वेटरन डबल्स में बी.डी. सिंह एवं सतीश चौधरी को विजयी घोषित किया गया।

अवसर विशेष पर निदेशक कार्मिक के तकनीकी सचिव, श्री अशोक कुमार, श्रीमती केया मुखर्जी, श्री मनोज टुड्डू, श्री पुष्पक लाला, श्री आदिल हुसैन, श्री अविराज शेखर, श्री अभिलाष सिंह, श्री अजय मुकुल टोप्पो, श्रीमती पुष्पा हस्सा, श्री आशीष सिरिल कच्छप, एवं अन्य उपस्थित थे।

# राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक संपन्न




राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक में उपस्थित सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र एवं अन्य गणमान्य

दिनांक 17.11.2023 को सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची के कन्वेशन सेन्टर (नये भवन) के तीसरे तल पर अवस्थित सभागार में अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक महोदय डॉ. बी. वीरा रेड्डी की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा विभाग को सतर्कता जागरूकता अभियान के समापन समारोह में सफल कवि सम्मलेन तथा राजभाषा पखवाड़ा के लिए बधाई दी। डॉ. रेड्डी ने उपस्थित सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुझे आशा है गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को हम अवश्य प्राप्त करेंगे।

बैठक को निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी विभागों के राजभाषा कार्यान्वयन में प्रगतिशील दृष्टिकोण होनी चाहिए। सीसीएल द्वारा संसदीय समिति की तीसरी उपसमिति को दिए गए सुझावों पर त्वरित कार्रवाई का निर्देश दिया।

विभागाध्यक्ष (राजभाषा) श्री संजय कुमार ने बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक स्वागत किया साथ ही राजभाषा विभाग द्वारा किये गये संबंधित विषयों पर प्रकाश डाला। उन्होंने आगे राजभाषा संबंधी गतिविधियों से सबको अवगत कराया।

राजभाषा में विगत तिमाही में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सुरक्षा विभाग तथा नगर प्रशासन विभाग सहित रजरप्पा क्षेत्र को चल शील्ड से सम्मानित किया गया ।

बैठक में सीसीएल, मुख्यालय के विभागाध्यक्ष/महाप्रबंधक एवं राजभाषा नोडल अधिकारी सहित सीसीएल के क्षेत्रों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# टीम सीसीएल ने बनाया सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयला प्रेषण का रिकॉर्ड

दिनांक 17 नवम्बर, 2023 को सीसीएल देश की ऊर्जा जरूरतों की पूर्ति के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए अब तक के इतिहास का सबसे तेज 50 मिलियन टन कोयले का प्रेषण किया है। पिछले वित्तीय वर्ष के तुलना में 24 दिन पहले ही टीम सीसीएल द्वारा इस उपलब्धि को प्राप्त किया गया। कंपनी द्वारा ओबीआर, कोयला प्रेषण तथा उत्पादन में लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन जारी है। ऊर्जा की मांग को पूरा करने और प्रगति को आगे बढ़ाने में हमारे समर्पण का यह एक प्रमाण है। ज्ञात हो कि वर्तमान वित्तीय वर्ष में कंपनी को 84 मिलियन टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसे संसाधनों का समुचित उपयोग ,बेहतर तकनीकी क्षमता तथा टीम समन्वय के बदौलत टीम सीसीएल सफलतापूर्वक प्राप्त करने की ओर अग्रसर है।



# राजभाषा सम्बंधित कार्यशाला का आयोजन



संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्ष (राजभाषा) श्री संजय कुमार, सहायक प्रबंधक (राजभाषा) डॉ. दिविक दिवेश एवं अन्य

सीसीएल द्वारा नराकास, राँची (उपक्रम) के तत्वावधान में दिनांक 24.11.2023 को सीसीएल मुख्यालय के उमंग सभागार में "संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक" के दौरान दिए गए आश्वासनों की अनुवर्ती कार्रवाई" विषय पर कार्यशाला आयोजित की गयी।

अवसर विशेष पर श्री प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल, श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल, श्री अभय मिश्र, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीएमपीडीआईएल, श्री बलिराम सिंह, प्रबंधक (सचिव/राजभाषा), सीसीएल, डॉ.दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल सहित नराकास (उपक्रम), राँची के सदस्य कार्यालयों से दो–दो प्रतिभागी उपस्थित थे ।

मुख्य वक्ता श्री प्रभु प्रसाद, सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक (राजभाषा), सेल थे जिन्होंने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कार्यशाला के विषय पर विस्तृत प्रकाश डाला।

कार्यशाला के मुख्य वक्ता श्री प्रभु प्रसाद का श्री संजय कुमार, विभागाध्यक्ष, राजभाषा, सीसीएल ने स्वागत किया तथा डॉ. दिविक दिवेश, सहायक प्रबंधक, राजभाषा, सीसीएल ने स्वागत भाषण दिया।




संसदीय राजभाषा समिति की निरीक्षण प्रश्नावली एवं निरीक्षण बैठक का एक दृश्य

# 49वें स्थापना दिवस के अवसर पर मुख्यालय में सम्मान–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन



दीप प्रज्ज्वलित कर सम्मान–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का उद्घाटन करते सीएमडी, सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी, निदे. (तक/संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदे. (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, जेसीएससी तथा ऑफिसर एसोसिएशन के सदस्यगण एवं अन्य माननीय

1 नवंबर, 2023 को सीसीएल स्थापना दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया और इसी कड़ी में दिनांक 25 नवम्बर को भव्य रूप से सम्मान–सह–पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर सीएमडी सीसीएल डॉ. बी. वीरा रेड्डी मुख्य अतिथि थे। अवसर विशेष पर निदेशक (तक./संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद, निदेशक (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम, निदेशक (वित्त) श्री पी. के. मिश्रा एवं मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री पंकज कुमार सहित जेसीएससी तथा ऑफिसर एसोसिएशन के माननीय सदसयगण, क्षेत्र के महाप्रबन्धकगण, मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक/विभागाध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। परंपरा के अनुसार कोल इंडिया कॉर्पोरेट गीत से सीसीएल 49वाँ स्थापना दिवस – 2023 सम्मान–सह–पुरस्कार वितरण समारोह का शुरुवात एवं मुख्य अतिथि तथा गणमान्य अतिथिगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्य अतिथि डॉ. बी. वीरा रेड्डी ने सभी को सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि कंपनी 2023–24 का 84 मिलियन टन के लक्ष्य हासिल करने की ओर अग्रसर है। उन्होंने आगे कहा कि सीसीएल 200 मिलियन टन कोयला उत्पादन का क्षमता रखता है अगर हम अपनी संसाधनों का समुचित उपयोग करें। उन्होंने सीसीएल के भूमिगत उत्पादन पर बल देते हुए कहा कि आने वाले समय में कंपनी भूमिगत खदानों में भी उत्पादन होगा जिससे पर्यावरण का न्यूनतम नुकसान हो। डॉ. रेड्डी ने कोल इंडस्ट्री के चुनौतियों के बारे में भी विस्तार से चर्चा की और कहा कि सीसीएल के सभी खनन क्षेत्रों में प्रॉफिट होना अनिवार्य है जिससे कंपनी और बेहतर प्रदर्शन करते रहे और अगले वित्तीय वर्ष में (2024–25) 107 मिलियन टन का कोयला उत्पादन लक्ष्य प्राप्त कर सके।

निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने सभी का स्वागत किया एवं विजेताओं सहित सभी को स्थापना दिवस की शुभकामना दी। उन्होंने कहा कि सीसीएल के कर्मियों में काफी क्षमता है जिसके बदौलत कंपनी कोयला उत्पादन के वर्तमान लक्ष्य को अवश्य हासिल करेगा।

निदेशक (तक./संचा.) श्री आर. बी. प्रसाद ने सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों से आए महाप्रबंधकों, अधिकारियों, संयुक्त सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यों एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सभी हर वर्ष सीसीएल की स्थापना दिवस मनाते हैं और इस अवसर पर कंपनी के बेहतरी के संकल्प लेते हुए उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी कर्मचारियों को सम्मानित भी करते हैं। उन्होंने अवसर विशेष पर पुरस्कार पा रहे सभी लोगों को बधाई और शुभकामनाएँ दी।

जेसीएससी के वरीय सदस्य श्री रमेन्द्र कुमार ने भी सीआईएल/सीसीएल के 49वें स्थापना दिवस की सभी को शुभकामनाएँ देते हुए पुरस्कार से सम्मानित किए जा रहे सभी कार्मिकों को बधाई दी।

इस अवसर पर कंपनी के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए विभिन्न श्रेणीयो में पुरस्कार दिए गए जिनमें शॉवेल ऑपरेटर, डम्पर ऑपरेटर, ड्रील ऑपरेटर, डोजर ऑपरेटर, पे–लोडर, एसडीएल ऑपरेटर, कॉन्ट्रैक्टर्स शॉवेल ऑपरेटर, कॉन्ट्रैक्टर्स डम्पर/टिपर ऑपरेटर एवं स्पेशल एचीवमेंट के लिए चयनित कार्मिकों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से नवाजा गया। सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों एवं विभागों को भी उत्कृष्ट कार्य के लिए पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया जिसमें डीएवी स्कूल के बच्चे तथा सीसीएल के कार्मिकों ने भाग लेकर सभी का मनोरंजन किया।

# माननीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने किया हजारीबाग का दौरा



माननीय रेल, कोयला और खान राज्य मंत्री श्री रावसाहेब पाटिल दानवे का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते अध्यक्ष, कोल इण्डिया श्री पी. एम. प्रसाद, निदेशक (तक./संचा.) श्री राम बाबू प्रसाद, निदेशक (तक./यो. एवं परि.) श्री बी. साईराम एवं अन्य गणमान्य

30 नवम्बर, 2023 को माननीय राज्य मंत्री रेल, कोयला और खान श्री रावसाहेब पाटिल दानवे ने हजारीबाग का दौरा किया। कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद सहित सीसीएल के निदेशकगणों ने रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। अपने एक दिवसीय दौरा के दौरान माननीय मंत्रीजी ने हजारीबाग में 'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम' को प्रदर्शित करते हुए प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने हजारीबाग लेक का भी दर्शन किया। इस अवसर पर कोल इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगण सहित स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीगण एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।




'विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ते कदम' को प्रदर्शित करते प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते माननीय मंत्री श्री दानवे, सीआईएल अध्यक्ष श्री प्रसाद एवं अन्य गणमान्य

इसके पूर्व उन्होंने सीआईएल के अध्यक्ष श्री पी. एम. प्रसाद, सीसीएल के निदेशकगणों तथा अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं हितधारकों से मिलकर कोयला उत्पादन एवं प्रेषण से सम्बंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। सीसीएल प्रबंधन द्वारा कंपनी के कार्यनिष्पादन, योजनाओं, उपलब्धियों एवं चुनौतियों से उन्हें अवगत कराया गया। उन्होंने सीसीएल के कार्य निष्पादन का जायजा लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिये ताकि देश की ऊर्जा आवश्यकता की निर्बाध पूर्ति हो सके। ज्ञात हो कि सीसीएल भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के दिशा निर्देश में देश की ऊर्जा आकांक्षाओं को पूरा करने हेतु अपने उत्पादन लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में सतत प्रयासरत है। सीसीएल के इस प्रयास में भारत सरकार एवं कोयला मंत्रालय के साथ–साथ स्थानीय प्रशासन का भरपूर सहयोग मिल रहा है। इस बीच माननीय मंत्री जी का यह दौरा निश्चित तौर पर अत्यंत महत्वपूर्ण था।

# सीसीएल में सेवानिवृत्त कर्मियों को भावभीनी विदाई




सेवानिवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ महाप्रबंधक (पेंशन) श्री यू. पी. नारायण, महाप्रबंधक (ईई) श्री संजय ठाकुर एवं सीएमएस, सीसीएल डॉ. सुमन सिंह

सीसीएल मुख्यालय में विभिन्न विभागों से सेवानिवृत्त हो रहे 4 कर्मी – सुश्री एंजेला मर्सी धान, ओएस, ग्रेड–ए, चिकित्सा विभागय श्री परवेज अख्तार, वरीय मशीन मैन, ग्रेड–सी, वेलफेयर एंड सर्विसेज विभागय श्री पुसवा मिस्त्री, एसएसआई, सुरक्षा विभाग एवं श्री कन्हाई उरांव, ड्राइवर, लपंगा कैंप, भूगर्व विभाग को दिनांक 30 नवम्बर को सीसीएल परिवार की ओर से एक "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक (पेंशन) श्री यू. पी. नारायण, महाप्रबंधक (ईई) श्री संजय ठाकुर तथा सीएमएस, सीसीएल डॉ. सुमन सिंह उपस्थित थे। अक्टुबर माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 82 कर्मी सेवानिवृत्त हुए ।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति शुभेच्छा प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी हमारे पूरे सेवा काल में जीवन का एक अभिन्न अंग रही है। उन्होंने कंपनी की उत्तरोत्तर विकास की कामना की।

महाप्रबंधक (पेंशन), श्री यू. पी. नारायण ने समारोह के मुख्य आकर्षण सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों का स्वागत करते हुए कहा कि आप सभी आज अपनी पहली पाली को सफलता पूर्वक पूरा करके दूसरी पाली की शुरुआत कर रहे हैं। आप सब की मेहनत और सार्थक प्रयास से कंपनी को नई ऊँचाई प्राप्त हुई है। श्री नारायण ने सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी।

अवसर विशेष पर महाप्रबंधक (ईई) श्री संजय ठाकुर ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के स्वस्थ जीवन की कामना करते हुए कहा कि कंपनी की सफलता में सभी का योगदान सराहनीय है।

सीएमएस, सीसीएल डॉ. सुमन सिंह ने भी सभी सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों के जीवन के दूसरी पाली के लिए शुभकामनाएँ दी।

सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को शॉल, श्रीफल एवं स्मृतिचिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य सम्बंधित विभागों का विशेष योगदान रहा।

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

49th CCL Foundation Day 2023 celebrated at CCL Hq with Zest& Fervour
Dr B. Veera Reddy CMD CCL, FD's , CVO felicitated the best performing operational areas, departments and employees for exceptional performance.
Program was attended by JCSC members and large number of employees.



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

'सतर्कता जागरूकता अभियान 2023' का समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह सह कवि सम्मेलन आयोजित। इस अवसर पर सीएमडी डॉ. बी. वीरा रेड्डी सहित निदेशकगणों एवं सीवीओ ने सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए क्षेत्रों, विभागों एवं कर्मियों को पुरस्कृत किया ।

Translate post



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Going full throttle!

#TeamCCL crossed 50 MT offtake on 17th Nov, 2023. The company has achieved this milestone 24 days ahead of last fiscal year. A testament to our dedication in meeting energy demand and driving progress.
Congratulations !




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

Constitution Day was observed at CCL HQ in presence of CMD CCL Dr B Veera Reddy, FDs,CVO,TU's & employees.Preamble was read & floral tribute were paid to Bharat Ratna Baba Saheb Dr BR Ambedkar.
D(P)CCL gave message on 'Constitutional Values and Fundamental Values of Constitution'



**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

सीसीएल मुख्यालय में आज 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2023' के तहत सतर्कता महोत्सव : कल्चरल फेस्टिवल' के दूसरे दिन नुक्कड़ नाटक, 'पॉट पेंटिंग : मटकी पे कलाकृति', ग्रुप डांस एवं निबंध, आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गयीं। गीत-संगीत के साथ आयोजित इस कार्यक्रम का लोगों ने खूब सराहा।

Translate post



(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (जनसम्पर्क), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, जनसम्पर्क विभाग